आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 21.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों का आह्वान किया है कि वे उद्योगपतियों और निवेशकों को राजस्थान में निवेश के लिए प्रोत्साहित करें।**
- **राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जनजाति क्षेत्रों में केन्द्र और राज्य की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिये।**
- **केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय ने वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना का लक्ष्य हासिल किया।**
- **प्रदेश में मॉनसून आखिरी दौर में पहुंचा–ज्यादातर हिस्सों में बारिश थमने के बाद मौसम साफ हुआ।**

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि विकसित राजस्थान की यात्रा में राजस्थानी मूल के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके अनुभव, सुझाव और संपर्क राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न राज्यों में पदस्थापित राजस्थानी मूल के भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्च अधिकारियों के साथ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन और खनन क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है। राज्य में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए नए स्थान चिन्हित किए गए हैं। जिनका विकास किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि किशनगढ़, झालावाड़, सिरोही और सीकर जैसे स्थानों पर हवाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल नीतियां बनाने सहित उनको हरसंभव मदद दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पर्यटन, कृषि एवं ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में निवेश राजस्थान के विकास को गति देगा और हमारे राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में कार्यरत प्रवासी राजस्थानी उद्यमियों, उद्योगपतियों और निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करें। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अपने–अपने राज्यों में निवेश के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए कई रचनात्मक सुझाव दिए।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अधिकारियों को आदिवासी कल्याण को केंद्र में रखकर कर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनजाति बहुल क्षेत्रों में चलाई जा रही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया है। राज्यपाल आज उदयपुर में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक जनजाति समुदाय और गरीब वर्ग की आय नहीं बढ़ेगी, समेकित विकास नहीं हो सकता। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि हर गरीब बच्चा शिक्षा प्राप्त करें। उन्होंने अनुसूचित जाति–जनजाति सहित घुमन्तू परिवारों के बच्चों को स्कूल से जोड़ने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने पंचायत स्तरीय कार्मिकों को जिम्मेदारी देते हुए शत–प्रतिशत बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि किसान को उसकी मेहनत का सही मूल्य मिल सके इसके लिए सरकारी स्तर पर फसल खरीद की भी पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक के दौरान राज्यपाल ने जिले में सिकल सेल एनीमिया के प्रकरणों और इसमें की गई कार्यवाही की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि इसकी पोजीटिविटी रिपोर्ट एक सप्ताह में राजभवन भिजवाई जाए।

000

केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए सरकार के पहले 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रु. आवंटित किये हैं। आज तमिलनाडु के थूथुकुडी में बोलते हुए उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के लिए सरकार ने महिला नेतृत्व वाले परिवारों के वास्ते तीन लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। श्री मुरुगन ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा से राष्ट्र का बहुत सारा धन बचेगा। उन्होंने इस मुद्दे को भटकाने के लिए विपक्ष को दोषी ठहराया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको सरकार द्वारा युवाओं की बेहतरी के संबंध में लिए गए फैसलों के बारे में बता रहे हैं। सरकार ने 2 लाख करोड़ रूपये के पीएम पैकेज की घोषणा की है, जिसके तहत अगले 5 साल में 4 करोड़ से ज्यादा युवाओं को फायदा होगा। एक करोड़ युवाओं को टॉप कम्पनी में इंटर्नशिप के अवसर अलांउस और एकमुश्त सहायता राशि देने का भी निर्णय किया है। इसके अलावा केन्द्र सरकार ने कई हजार नियुक्तियों की घोषणा की है।

000

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना का लक्ष्य हासिल कर लिया है। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने हाल ही में दो हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ वन्यजीव आवास विकास योजना को जारी रखने की मंजूरी दी थी। इस योजना में प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफेंट और वन्यजीव आवास विकास को शामिल किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से पचास लाख रोजगार दिवस का सृजन होगा। इस योजना से कुल 55 बाघ अभयारण्य, 33 हाथी अभ्यारण्य और सात सौ 18 संरक्षित क्षेत्र तथा उनके क्षेत्र लाभान्वित होंगे। यह योजना बाघों और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति सरकार की वचनबद्धता को प्रकट करते हुए सुनिश्चित करती है कि अर्थव्यवस्था और परिस्थितिकी साथ—साथ आगे बढ सकती हैं।

000

प्रदेश में मानसून आखिरी दौर में पहुंच गया है। अब ज्यादातर स्थानों पर बारिश थम गई है और मौसम भी साफ रहने लगा है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून ट्रफ लाइन अपनी नॉर्मल पॉजिशन पर बरकरार है, लेकिन कोई स्ट्रॉन्ग सिस्टम इन दिनों विकसित नहीं हो रहा है। 27 सितंबर से 3 अक्टूबर तक फिर बरसात शुरू होने की संभावना जताई है। पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। इस बीच राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहा है. जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा, जोधपुर के साथ बीकानेर और उदयपुर के कुछ हिस्सों में बादल छाए, लेकिन बारिश नहीं हुई। डूंगरपुर में आज हल्की बरसात के समाचार हैं। वहीं करौली जिले में पिछले दो—तीन दिन बारिश के दौर के चलते जिले के सबसे बड़े पांचना बांध का जलस्तर 258.25 मीटर हो गया है। उधर टोंक में मौसम साफ होने के बाद जिले के बीसलपुर बांध में पानी कम आ रहा है जिसके बाद अब केवल एक गेट खोलकर ही अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है।

000

टोंक जिले के मेहन्दवास क्षेत्र में बनास नदी के बहाव में मोटरसाइकिल सवार युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। ये युवक टोंक से अपने गांव जा रहा था तभी चूली रपट पर पानी के तेज बहाव से असंतुलित होकर गिरने से वह पानी में बह गया। एसडीआरएफ की टीम ने आज रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर युवक का शव घटनास्थल से 5 किलोमीटर दूर डोडवाड़ी बनास नदी के किनारे बरामद किया।

000

कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न गांवों में जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नौनेरा, सोहेड़ा, गांवडी, नगला दादू साहित अन्य गांवों के खेतों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शीघ्र ही किसानों की जल भराव प्रभावित कृषि भूमि की पटवारी से रिपोर्ट तैयार करवाएं ताकि किसानों को फसल खराब होने का मुआवजा दिलाया जा सके।

000

संसदीय कार्य, विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण के साथ ही जनकल्याण और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संसदीय कार्य मंत्री ने आज जोधपुर में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं के बारे में संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली। श्री पटेल ने कहा कि जनता और क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के प्रति अधिकारी गंभीरता बरतें। इसके लिए विभागीय स्तर पर जन समस्याओं के निस्तारण की आरंभिक पहल की जाए। जनसुनवाई में पंचायतीराज, राजस्व, डिस्कॉम, चिकित्सा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों पर सुनवाई कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गये।

0000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने प्रदेश में स्वास्थ्य सूचकांकों को और बेहतर बनाने को कहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के विभिन्न मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को मॉडल स्टेट के रूप में आगे बढ़ाया जाए। श्रीमती राठौड़ आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का लक्ष्य है कि गांव ढाणी तक स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लोगों को पूरा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कार्मिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन कर आयुष्मान राजस्थान के संकल्प को साकार करें।

000

राजसमंद में आज "सेवा से सीखे" थीम के तहत नेहरू युवा केन्द्र और चिकित्सा विभाग के द्वारा आरके जिला चिकित्सालय में इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार रजक, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ .गोपाल कुमावत सहित नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान युवा स्वयं सेवक आभा आईडी बनाने, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के पंजीकरण, मरीजों को दवाई वितरण, ओ .पी. डी. प्रबंधन सहित कार्यालय कार्यों में सहयोग देगें।

यह इंटर्नशिप 15 अक्टूबर तक चलेगी जिसमे स्वयंसेवक रोजाना 4 घण्टे यानि कुल 120 घण्टे की मुफ्त सेवा देगें। स्वयंसेवक को इंटर्नशिप पूरी करने पर माय भारत द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। पाली के बांगड़ अस्पताल में भी ये कार्यकम आज से शुरू हुआ।

000

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत आज जयपुर में द्रव्यवती रिवर फ्रंट पर **सफाई और सौंदर्यकरण अभियान** आयोजित किया गया। इस दौरान महापौर सौम्या गुर्जर ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया तथा गीले और सूखे कचरे के बारे में भी समझाया। महापौर ने बच्चों के साथ द्रव्यवती रिवर फ्रंट की सफाई की। सभी बच्चों, संस्थाओं और आम जन ने" जयपुर को स्वच्छ बनाएंगे" नारों के साथ आधे घंटे में ही द्रव्यवती रिवर फ्रंट साफ सुधरा कर दिया। महापौर ने बच्चों को अपने शहर, घर और स्कूल को साफ रखने की सीख दी। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी देश, शहर को स्वच्छता की वजह से पहचाना जाता है हम सभी स्वच्छ भारत का इरादा मिलकर तभी साकार कर पाएंगे जब सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझें और प्रतिबद्ध होकर अपने शहर, गांव, गली, मोहल्ले को साफ रखें।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जयपुर में हेरिटेज निगम की ओर से अनूठा जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक की शव यात्रा निकाली गई। इस दौरान लोगों ने **एक–दो–तीन–चार, प्लास्टिक का करो बहिष्कार** के नारे लगाए। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शव यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

पाली जिले में स्वच्छता ही सेवा के तहत आज फालना रेलवे स्टेशन और कॉलोनी परिसर में एक पेड़ मां के नाम दिवस के रूप में मनाया गया और पौधारोपण किया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक मनोज कुमार मीणा ने रेलवे कर्मचारियों को इन पौधों की देखभाल करने और इनमें नियमित पानी देने की शपथ दिलाई। जोधपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, उत्तर पश्चिम रेलवे और भारत स्काउट गाइड की ओर से भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता थीम पर जागरूकता कार्यक्रम अयोजित किए गए।

000

एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को देश के अगले वायु सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। अमर प्रीत सिंह एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी का स्थान लेगें जो वायु सेना प्रमुख के पद से इस महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

000

विश्व अल्जाइमर दिवस आज मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य अल्जाइमर बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना और इससे जुडे नकारात्मक विचारों को दूर करना है। इस साल इस दिवस की थीम है– डिमेंशिया पर कार्रवाई करने का समय, अल्जाइमर पर कार्रवाई करने का समय। अल्जाइमर में मस्तिष्क की कोशिकाएं संकुचित होने लगती हैं, जिससे याददाश्त कमजोर हो जाती है और सोच तथा व्यवहार प्रभावित होता है। इस बीमारी के लक्षण गम्भीर नहीं होते इसीलिए आमतौर पर इन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है।

000